तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 21 जून 2026



प्रगति नगर मरीन ड्राइव का आयुक्त ने लिया जायजा





## खबर संक्षेप

### प्रयास स्कूल में 11वीं के 54 सीटों पर लेटरल एंट्री

**रायगढ़।** संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय, रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार कुल 54 रिक्त सीटों के लिए पात्र विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा 11 जुलाई शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### पीएम आवास की प्रतीक्षा सूची का होगा सत्यापन

**रायगढ़।** ग्राम पंचायतों में 24 जून को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण ;आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का सार्वजनिक वाचन एवं अवलोकन कराया जाएगा। ग्राम पंचायतों में सूची का प्रदर्शन कर ग्रामीणों के समक्ष उसका पाठन किया जाएगा तथा ग्राम सभा से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। अंतिम रूप से अनुमोदित सूची को आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य चयन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और जनभागीदारी आधारित बनाना है, ताकि वास्तविक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विशेष ग्राम सभा में किसी भी नए हितग्राही का नाम सूची में नहीं जोड़ा जा सकेगा। ग्राम सभा केवल सिस्टम द्वारा तैयार सूची का सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन कर सकेगी।

### लोक सेवा केन्द्र अब बनेंगे सेवा सेतु केन्द्र, डिजिटल सेवाएं होंगी उपलब्ध

**रायगढ़।** प्रदेश में डिजिटल सेवाओं का दायरा बढ़ाते हुए राज्य शासन ने लोक सेवा केन्द्रों को नया स्वरूप देने का निर्णय लिया है। अब प्रदेश के सभी लोक सेवा केन्द्र सेवा सेतु केन्द्र के नाम से संचालित होंगे। इन केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों को पहले की अपेक्षा अधिक शासकीय सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। शासन का उद्देश्य आम लोगों को एक ही स्थान पर सरलए सुगम और पारदर्शी तरीके से विभिन्न डिजिटल सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सेवा सेतु केन्द्रों के माध्यम से पूर्व में उपलब्ध 73 सेवाओं की संख्या बढ़ाकर अब 442 कर दी गई है। इससे नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ एक ही केन्द्र के माध्यम से मिल सकेगा। शासन का मानना है कि डिजिटल सेवाओं के विस्तार से आम लोगों का समय और संसाधन दोनों की बचत होगी तथा सरकारी योजनाओं और सेवाओं तक उनकी पहुंच और अधिक आसान बनेगी।

## 3 मई की परीक्षा में सेंटर थे 7 और परीक्षार्थी संख्या 2512

# री-नीट में बढ़ गए 170 परीक्षार्थी बढ़ाना पड़ा एक परीक्षा सेंटर

**अभी 2682 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, सुरक्षा को लेकर बरता जा रहा एहतियात**





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

3 मई को आयोजित नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद कैंसिल कर दिया गया था। आज दोबारा याने री-नीट की परीक्षा होगी। इस परीक्षा में पहले परीक्षा की तुलना में 170 परीक्षार्थी गढ़ गए हैं। इसके कारण एक सेंटर बढ़ना पड़ गया है। पूर्व में आयोजित परीक्षा में सात सेंटर 2512 अभ्यिर्थयों की संख्या थी।

इस बार आठ सेंटर ओर 2682 परीक्षार्थियों की संख्या हो गई है। खास बात यह है कि एक दिन पहले क्वेश्चन पेपर बैंकों में पहुंच गई है, लेकिन किस सेंटर का प्रशन पत्र कहां है यह आज सुबह दिल्ली से अपडेट की जाएगी। खास बात यह है कि इस बार प्रशन पत्र तो प्लेन से आई है, लेकिन प्लेन से कहां उतरी है इसकी जानकारी किसी को नहीं है। इसके बाद नोडल अधिकारी उसे लेने जाएंगे। इस बार की परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए प्रशासन की ओर से काफी एहतियात बरती जा रही है। परीक्षा के एक दिन पहले सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मॉकड्रिल किया गया। इस मॉक ड्रिल के दौरान एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो, एडिशनल एसपी अनिल सोनी तथा डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम सहित अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों में जैमर, सीसीटीवी कैमरे, विद्युत आपूर्ति, जनरेटर बैकअप, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया।

इस प्रक्रिया में परीक्षा संचालन की संपूर्ण व्यवस्था को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप परखा गया तथा संभावित चुनौतियों का पूर्व आकलन कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए गए। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की जाएगी। जैमर की व्यवस्था के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था एवं अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### बस की मिलेगी अभ्यर्थियों और पालकों को सुविधा

परीक्षार्थियों को रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने और वापस लाने के लिए विशेष परिवहन व्यवस्था की गई है। इसमें रेलवे स्टेशन, ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड और केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड से बसें संचालित की जाएंगी। रेलवे स्टेशन से बस क्रमांक सीजी-13-एबी-9050 और बस क्रमांक सीजी-13-बीई-0318 चलेगी। ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड से बस क्रमांक सीजी-12-एक्स-0437 और बस सीजी-12-एक्स-0438 शामिल है। केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड से बस क्रमांक सीजी-12-बीएल-4938 ओर बस क्रमांक सीजी-10-आर-1899 चलेगी। सभी बसों में एक-एक प्रभरी तैनात की गई है।

### दिव्यांगों को मिलेगा एक्स्ट्रा समय

दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) श्रेणी के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार अतिरिक्त समय दिया जाएगा। उनकी परीक्षा शाम 6.20 बजे तक संचालित होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी अभ्यर्थियों को दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं परीक्षा सेंटर डिग्री कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, नटवर स्कूल, महिला महाविद्यालय, जूटमिल स्कूल, शाउमावि किरोड़ीमल नगर, केंद्रीय विद्यालय को बनाया गया है। चक्रधर नगर स्कूल को नया परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### 2 लाख रुपए की उठाईगीरी में पुलिस को मिली सफलता

**रायगढ़।** तमनार पुलिस को उठाईगिरी के एक बड़े मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। इसी माह 8 जून को तमनार स्थित अपेक्स बैंक के बाहर ग्रामीण की मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़कर 2 लाख रुपये चोरी करने वाले गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को पुलिस ने जशपुर जिले के पत्थलगांव क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, चोरी की रकम से खरीदी गई नई मोटरसाइकिल तथा डिक्की तोड़ने में प्रयुक्त औजार बरामद किए गए हैं। मामले में ग्राम गौरबहरी निवासी लोकेश्वर पटेल 60 वर्ष ने 8 जून को थाना तमनार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपेक्स बैंक तमनार से 2 लाख रुपए निकालकर अपनी मोटरसाइकिल की डिक्की में रखे थे। इसके बाद तहसील कार्यालय में काम से जाने के दौरान मोटरसाइकिल बाहर खड़ी कर दी। करीब 20 मिनट बाद लौटने पर डिक्की टूटी मिली और उसमें रखे दो लाख रुपए गायब थे। रिपोर्ट पर थाना तमनार में धारा 303,2 3,5 भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह द्वारा एडिशनल एसपी अनिल सोनी एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के सुपरविजन में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी के निर्देश दिए गए।

## जब्त किया था 52 किलो गांजा फरार महिला सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



चौकी खरसिया पुलिस ने एंड.टू.एंड कार्रवाई करते हुए 52 किलोग्राम गांजा तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर महिला को ओडिशा से गिरफ्तार किया है। अप्रैल माह में पकड़े गए तीन अंतरराज्यीय गांजा तस्करों से पूछताछ के दौरान मिले अहम सुरागों के आधार पर पुलिस ने कंधमाल ओडिशा में दबिश देकर महिला आरोपिया सुभद्रा उर्फ मामी मलिक को गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया है। आरोपिया को एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

विदित हो कि 22 अप्रैल को खरसिया क्षेत्र में पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा से तीन युवक बड़ी मात्रा में गांजा लेकर निकले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी श्री शशि मोहन सिंह द्वारा सड़क एवं रेल मार्ग से संभावित तस्करी को देखते हुए सभी थाना प्रभारियों एवं साइबर टीम को अलर्ट किया गया था। इसी दौरान खरसिया रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में तीन संदिग्ध युवकों के बड़े.बड़े बैग लेकर घूमने की सूचना मिली। तत्काल चौकी प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में चौकी खरसिया एवं साइबर टीम द्वारा योजनाबद्ध घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम दिनेश कुमार बेहरा 22 वर्ष, शिवा बेहरा 21 वर्ष एवं देवी प्रसाद कंहर 19 वर्ष सभी निवासी जिला कंधमाल ओडिशा बताया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे ट्रेन के माध्यम से गांजा लेकर आ रहे थे, लेकिन रेलवे पुलिस की चेकिंग की सूचना मिलने पर खरसिया स्टेशन में उतरकर बचने का प्रयास कर रहे थे। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से क्रमशः 16.1 किलोग्राम, 20.4 किलोग्राम एवं 15.5 किलोग्राम कुल 52 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख 62 हजार रुपए आंकी गई थी। गिरफ्तार आरोपियों से गांजा तस्करी के नेटवर्क के संबंध में अलग.अलग पूछताछ करने पर उन्होंने अपने निशानदेही कथन में बताया कि बरामद गांजा उन्हें संबलपुर रेलवे स्टेशन के पास रहने वाली महिला मामी मलिक द्वारा मध्यप्रदेश के बीना पहुंचाने के लिए दिया गया था। आरोपियों द्वारा बताए गए मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच करने पर उक्त नंबर महिला सुभद्रा दिगल उर्फ मामी मलिक के नाम पर पंजीकृत पाया गया।



### खरसिया ओवरब्रिज निर्माण का लिया जायजा

**खरसिया।** प्रधानमंत्री के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 साल बेमिसाल देशभर में विभिन्न जनसंपर्क एवं विकासोन्मुखी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार सुबह महेश साहू ने अपने सहयोगियों के साथ खरसिया में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज स्थल पहुंचकर चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और विकास कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर महेश साहू ने कहा कि खरसिया का रेलवे ओवरब्रिज क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता रही है। इसके पूर्ण होने से यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी, समय की बचत होगी ।

## सड़क निर्माण में अवैध मुरुम का उपयोग, चेन माउंटेन मशीन जब्त

**विभाग ने इसे खनिज नियमों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



तमनार के रोडोपाली में सड़क निर्माण कर रहे एसआरसी कंपनी ने अवैध खनन कर मुरुम का उपयोग कर रहा था। जानकारी मिली तो माइनिंग विभाग ने कार्रवाई करते हुए चैन माउंटेन जब्त किया है।

19 जून को ग्राम पंचायत रोड़ोपाली, तहसील तमनार में मिट्टी एवं मुरूम के अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर खनिज विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि सड़क निर्माण कार्य में उपयोग के लिए बिना वैध अनुमति के मिट्टी एवं मुरूम का उत्खनन किया जा रहा था। शिकायत सही पाए जाने पर खनिज अमले ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त एसआरसी कंपनी की एक चैन माउंटेन मशीन मॉडल नंबर जेडएएक्सआईएस 220 एलसी 5 जी को मौके पर ही जब्त कर सील कर दिया।

खनिज विभाग द्वारा जब्ती की कार्रवाई के बाद पंचनामा तैयार किया गया तथा कंपनी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम.71 एवं खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21,1 एवं 21,4 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित कंपनी ने मिट्टी एवं मुरूम के परिवहन के लिए कलेक्टर खनि शाखा में कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया था और न ही खनिज परिवहन के लिए आवश्यक वैधानिक अनुमति प्राप्त की थी। विभाग ने इसे खनिज नियमों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### ठेकेदारों को चेतावनी अवैध खनन पर कार्रवाई

अवैध खनन करने वाले ठेकेदारों को विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दी है। वैध अभिवहन पास एवं रॉयल्टी पर्ची के माध्यम से ही खनिज परिवहन किया जाना चाहिए। इस कार्रवाई में खनि निरीक्षक अनुराग बड़ा सहित जिला रायगढ़ का खनिज अमला शामिल रहा। विभागीय अधिकारियों ने कहा है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने आरोपी पिता पुत्र शिव चरण पटेल, खुशी राम पटेल एवं मुकेश पटेल को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास तथा हत्या का प्रयास के आरोप में 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मामला थाना तमनार के सुबह 10 बजे ग्राम दनौट निवासी मुरलीधर चौधरी एवं लक्ष्मी धर चौधरी उनकी मां को उसके मायके से प्राप्त बंटवारे की भूमि जिस पर न्यायालय से डिक्री प्राप्त हुआ था का एरिया देखने पटवारी के साथ ग्राम रायपारा पहुंचे थे, तथा ग्राम कोटवार, गोविन्द पटेल तथा कुछ अन्य व्यक्ति को अपने साथ ले जाकर खेत का नाप कर रहे थे। उसी समय आरोपी गण शिव चरण पटेल खुशी राम पटेल एवं मुकेश पटेल लाठी डंडे लेकर खेत में आ धमके और हमारे खेत का नाम करवाने वाले तुम कौन होते हो कहते हुए मां बहन की गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए आहत गोविन्द पटेल, मुरलीधर चौधरी एवं लक्ष्मी धर चौधरी को लाठी डंडे से मार मार कर बेहोश कर दिए। आहत गण को ईलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार लाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रायगढ़ रिफर कर दिया गया, किन्तु रायगढ़ ले जाते समय गोविन्द पटेल की मृत्यु हो गई तथा दोनों घायल भाइयों का इलाज रायगढ़ में कराया गया। घटना की रिपोर्ट करन पटेल ने थाना में दर्ज कराया था जिसके आधार पर तत्कालीन विवेचना अधिकारी द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा प्रकरण के सभी पहलुओं पर फोकस कर सभी साक्ष्यों का संकलन कर आरोपी गण के विरुद्ध न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए सभी महत्वपूर्ण साक्षियों के बयान दर्ज कराए तथा उभय पक्ष के बहस सुनने के पश्चात आरोपीगण को मृतक गोविन्द पटेल की हत्या करने तथा आहत गण मुरलीधर चौधरी एवं लक्ष्मी धर चौधरी की हत्या का प्रयास करने का दोषी पाया गया, तथा उक्त अपराधों के लिए दंडित करते हुए हत्या के मामले में आजीवन कारावास एवं हत्या का प्रयास करने के मामले में दस दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई तथा,उपहति कारित करने के लिए एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई तथा सभी धाराओं में दस-दस हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित करने का दण्डादेश सुनाया। न्यायालय ने मृतक के आश्रितों को दस हजारु रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में दिलाए जाने हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ से अनुशंसा की है।

### गांवों तक पहुंचीं राजस्व सेवाएं

## राजस्व पखवाड़ा के तीन चरणों में 4 हजार आवेदनों का निराकरण

**रायगढ़।** जिले में आयोजित राजस्व पखवाड़ा अभियान हजारों नागरिकों के लिए राहत का माध्यम बना। गांव गांव आयोजित शिविरों के जरिए राजस्व सेवाओं को लोगों के द्वार तक पहुंचाया गया, जिससे लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के साथ आमजन को समयबद्ध सेवाओं का लाभ मिला। जिले में तीन चरणों में आयोजित राजस्व पखवाड़ा के दौरान कुल 4 हजार 417 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 4 हजार 320 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इससे लोगों को कार्यालयों के बार.बार चक्कर लगाने से राहत मिली तथा विभिन्न राजस्व सेवाएं सरल और सुगम तरीके से उपलब्ध हो सकीं।



अभियान के दौरान नामांतरण, सीमांकन, खाता विभाजन, अभिलेखों में त्रुटि सुधार, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, खसरा बी 1 वितरण, नक्शा बंटांकन, अभिलेख शुद्धता, आरबीसी 6-4 प्रकरण सहित अनेक राजस्व मामलों का निराकरण किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही किया गया। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार संचालित इस अभियान के तहत लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से आयए जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के ऑनलाइन आवेदन भी लिए गए। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। राजस्व पखवाड़ा के तीनों चरणों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण से नामांतरण, सीमांकन, प्रमाण पत्र एवं अन्य राजस्व सेवाओं से जुड़े मामलों के निपटारे में तेजी आई हैए जिससे नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही आवश्यक सेवाएं प्राप्त हो सकीं। राजस्व पखवाड़ा अभियान ने प्रशासन और आमजन के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूत करने के साथ ही सुशासन की अवधारणा को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से स्थापित किया।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444


LCIT COLLEGE OF COMMERCE & SCIENCE
LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya, Bilaspur (C.G.)
THINK EDUCATION THINK LCIT
AFFILIATED TO & APPROVED BY
MEMBER OF
Virtual Labs
swayam
Best College in the Region
LCIT Group of Institutions
Scan For A Brighter Future
APPLY @
COLLEGE CODE 240
ADMISSIONS OPEN 2026-27
COURSES OFFERED
SCIENCE
BCA(Hons.)
AICTE Approved
B.Sc.(Hons.)
• Biology
• Microbiology
• Biotechnology
• Mathematics
• Computer Science
M.Sc.
• Zoology
• Chemistry
• Biotechnology
• Computer Science
PGDCA
98278-75752
COMMERCE
B.Com(Hons.)
BBA(Hons.)
AICTE Approved
M.Com
with Marketing & Management
75666-66785
ARTS
B.A.(Hons.)
• History
• Sociology
• Geography
• Economics
• Political Science
• English Literature
M.A.
• Geography
91097-30890
LAW
B.A. LL.B.
B.B.A. LL.B.
B.Com. LL.B.
LL.B.
LL.M.
97558-19835
PLACEMENT HIGHLIGHTS
TOTAL PLACEMENT 500+
RECRUITING COMPANIES 50+
HIGHEST PACKAGE 12.50 LPA
AVERAGE PACKAGE 4.55 LPA
TOP RECRUITERS
tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
YOKOHAMA
Datun
HDFC BANK
adani Cement
& Many More
UNIVERSITY - GOLD MEDALIST
YASHRAJ M.Sc. CS
SHUBHANGI SINGH THAKUR M.Com
SHREYANSHI JAIN BBA
KASHISH MATLANI B.Com
CHANDRA PRAKASH CHOUBEY B.Com. LL.B.
30+ BRILLIANT MINDS FROM OUR COLLEGE HAVE SECURED RANKS IN THE UNIVERSITY MERIT LIST!
CAMPUS LIFE
RASS GARBA
MH 43 INDIA BAND
EXCURSION TRIPS
EDUCATIONAL VISIT
TRANSPORT FACILITY
COMPUTER LABS
EXPERT FACULTY
PLACEMENT ASSISTANCE
HOSTEL: BOYS & GIRLS

खबर संक्षेप

## दर्ज शिकायतों का शीघ्र हो रहा समाधान

**राजपुर।** कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत राजपुर ने ग्राम पंचायत आरा निवासी शाहिद रजा की शिकायत का शीघ्र समाधान किया। आवेदक ने 19 जून को टोकन के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर बताया था कि हिना कौसर का विवाह अन्यत्र हो जाने के कारण उनका नाम पुराने राशन कार्ड से हटाया जाना आवश्यक है। शिकायत प्राप्त होने के बाद जनपद पंचायत द्वारा मामले की जांच की गई और मांग के अनुरूप राशन कार्ड से हिना कौसर का नाम विलोपित कर दिया गया। जनपद पंचायत सीईओ संजय दुबे ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके।

## अवैध उत्खनन पर तीन ट्रैक्टर को किया जब्त

**राजपुर।** जिले में खनिज संपदा के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण के लिए सतत निगरानी रखते हुए अवैध कार्यों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग की टीम द्वारा सिंहचौरा एवं गोपालपुर ग्राम स्थित महान नदी क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान टीम ने महान नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन किए जाने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर रेत से भरे 3 ट्रैक्टर वाहनों को जब्त किया। जब्त वाहनों के पास वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। खनिज विभाग द्वारा जब्त किए गए सभी वाहनों को अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस थाना राजपुर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया। जिला खनिज अधिकारी राहुल गुलाटी ने बताया कि संबंधित वाहन स्वामियों के विरुद्ध खनिज नियमों एवं प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ब्लॉक कांग्रेस कुनकुरी ने किया रक्तदान, मरीजों को बांटे फल

**जशपुरनगर।** नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी के जन्मदिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुनकुरी द्वारा सेवा और जनकल्याण को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने होली क्रॉस अस्पताल में रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया, वहीं कुनकुरी शासकीय अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिलीप जैन, मनोज सागर यादव, श्रीमती अंजना मिंज, वाल्टर कुजूर, रॉबर्ट एक्का, दीपक केरकेट्टा, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद इमरान, श्रीमती अजेम टोप्पो, श्रीमती रुखसाना बानो, मोनू गर्ग, श्रीमती अल्मा लकड़ा, श्रीमती सुषमा कुजूर, वकास, सुल्तान, राजू सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुनकुरी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्कूल में शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए बरगांव में लगी चौपाल

**जशपुरनगर।** शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य ज़ेडर राम मांझी के नेतृत्व में एक जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के गणमान्य नागरिक, ग्रामवासी, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों की विद्यालय में अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सभी से आह्वान किया गया। प्राचार्य ने स्थानीय बोली में भावपूर्ण शब्दों में कहा कि विद्यालय आने वाले सभी बच्चे भले ही आपके घर के न हों, लेकिन गांव के हर बच्चे हमारे अपने बच्चे हैं। इसलिए हम सबका दायित्व है कि उनके पालकों को प्रेरित करें और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और पूरे गाँव की जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। साथ ही ग्राम कोटवार को निर्देशित किया गया कि वे गांव में मुनादी कर लोगों को जागरूक करें तथा बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने में सहयोग दें।

### गौठान की सरकारी जमीन पर रेत का भंडारण

# छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर रेत तस्करों का बेखौफ नेटवर्क

छत्तीसगढ़ और झारखंड की अंतरराज्यीय सीमा इन दिनों रेत तस्करों के लिए सुरक्षित ठिकाना बनती जा रही है। सीमा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन, भंडारण और परिवहन का संगठित कारोबार वर्षों से जारी है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक निष्क्रियता के चलते रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि कार्रवाई की मांग करने वालों को धमकियां तक दी जा रही हैं।





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मामला जशपुर जिले के लोदाम थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पुत्रीचैरा का है। छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा से लगे इस गांव में कटनी-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर गौठान की सरकारी जमीन तक अवैध रूप से निकाली गई रेत का विशाल भंडारण किया गया है।

■ अवैध उत्खनन के साथ गुंडा टैक्स वसूली का भी आरोप

शंख नदी से निकाली गई रेत के बड़े-बड़े ढेर कई स्थानों पर पहाड़ का रूप ले चुके हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह कारोबार प्रशासन की नजरों के सामने वर्षों से संचालित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार पुत्रीचैरा में अवैध रेत खनन और भंडारण का यह कारोबार नया नहीं बल्कि कई वर्षों पुराना है। स्थानीय स्तर पर लगातार शिकायतें होने के बावजूद इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी, जिससे यह सवाल उठने लगा है कि आखिर इस पूरे नेटवर्क को संरक्षण कौन दे रहा है।

### अवैध वसूली का भी खेल

पड़ताल के दौरान यह भी सामने आया कि क्षेत्र में कुछ दबंग लोग स्थानीय ट्रैक्टर चालकों से प्रति ट्रिप 100 रुपए की अवैध वसूली कर रहे हैं। किसी अधिकृत संस्था के बजाय कथित तौर पर निजी स्तर पर की जा रही इस वसूली से हर महीने 30 से 40 हजार रुपए तक की रकम जुटाई जा रही है। सूत्रों के अनुसार पुत्रीचौरा से झारखंड की ओर जाने वाली रेत से लदी गाड़ियों से भी 200 से 300 रुपये प्रति ट्रिप वसूले जा रहे हैं। सीमा क्षेत्र में चल रहा यह कथित 'गुंडा टैक्स' अवैध कारोबार को और अधिक संगठित व लाभदायक बना रहा है, जबकि शासन को राजस्व हानि और क्षेत्र में दबंगई की प्रवृत्ति बढ़ने की आशंका भी गहरा रही है।

### स्थिति जस की तस

ग्राम पंचायत पुत्रीचैरा के सरपंच अरुण लकड़ा ने बताया कि पंचायत ने शंख नदी में वैधानिक रूप से रेत खदान संचालन के लिए प्रस्ताव दिया था, लेकिन नियमों में बदलाव के कारण मामला लंबित है। उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा कई बार अवैध उत्खनन और भंडारण की शिकायत की गई, लेकिन स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है।

### राजस्व का नुकसान

पंचायत सचिव रामचंद्र राम ने भी स्वीकार किया कि अवैध उत्खनन और भंडारण से शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है और ग्राम पंचायत भी आर्थिक रूप से प्रभावित हो रही है। यदि रेत कारोबार नियमों के तहत संचालित होता तो पंचायत को भी राजस्व प्राप्त होता।

### होगी सख्त कार्रवाई

पुत्रीचौरा में अवैध रेत भंडारण की सूचना मिली है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-विवेक साहू, जिला खनिज अधिकारी।

## विश्व सिकल सेल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम देखभाल में समानता थीम पर हुआ आयोजन



**रायगढ़।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर आज हमर अस्पताल शहरी स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा रायगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व सिकल सेल दिवस की थीम जीवन रक्षा के अंतर को कम करना, सिकल सेल रोग में समानता रखी गई है, जिसका उद्देश्य सिकल सेल रोग से प्रभावित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा स्थानीय एवं वैश्विक स्तर पर सहयोग और जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान शहरी स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में 40 वर्ष से कम आयु के लोगों का सिकल सेल परीक्षण किया गया तथा उपस्थित नागरिकों को रोग के कारणों, लक्षणों, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि सिकल सेल रोग मुख्य रूप से एक अनुवांशिक बीमारी है, जो माता पिता से बच्चों में स्थानांतरित हो सकती है। ऐसे में विवाह पूर्व अनुवांशिक परामर्श तथा समय पर स्वास्थ्य परीक्षण इस बीमारी की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सभी मंडलों में हुई विविध प्रतियोगिताएं



**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा जशपुर जिले के सभी मंडलों में रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं, युवतियों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा विकसित भारत के संकल्प को सृजनात्मक अभिव्यक्ति दी। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पिंकी गुप्ता के निर्देशानुसार आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता, राष्ट्रभक्ति तथा विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना था। जिले के सभी मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभागियों ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर भारत की सांस्कृतिक विरासत, नारी शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को दर्शाया।

## नव पदस्थ बीईओ से की सौजन्य मुलाकात



**पुसौर।** पुसौर विकासखंड में शिक्षा विभाग की कमान अब नए खंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर पटेल ने संभाल ली है। पदभार ग्रहण करने के बाद से ही उनसे सौजन्य मुलाकात करने का सिलसिला लगातार जारी है। क्षेत्र के शिक्षाविद जनप्रतिनिधि और शिक्षा से जुड़े लोग कार्यालय पहुंचकर उन्हें बधाई दे रहे हैं। भुवनेश्वर पटेल इससे पूर्व पुसौर में एबीईओ के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। उस दौरान अपने सरल सहज स्वभाव और मिलनसार व्यवहार के कारण वे शिक्षकों और पालकों के बीच काफी लोकप्रिय रहे थे। शालाओं के निरीक्षण से लेकर शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण तक उन्होंने हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाई। यही वजह है कि बीईओ के रूप में उनकी पदस्थापना से शिक्षा जगत में उत्साह का माहौल है। लोगों को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में ब्लॉक में शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर होगी। इसी कड़ी में बीते दिन अभिनव विद्यामंदिर परिवार ने बीईओ कार्यालय पहुंचकर भुवनेश्वर पटेल से सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया और कुशलक्षेम जाना।

## स्काई एलॉयज एंड पावर लिमिटेड में चिकित्सा शिविर का आयोजन



**टेमटेमा।** स्काई एलॉयज एंड पावर लिमिटेड द्वारा अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 20 जून को कंपनी परिसर में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। शिविर का आयोजन कर्मचारी राज्य बीमा निगम ईएसआईसी के सहयोग से किया गया, जिसमें ईएसआईसीकी चिकित्सा टीम ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर डॉ. चोगेंद्र सिंह, डॉ. विनोद दर्शन, श्रीनाथ पुरी गोसाई, नरेंद्र कुमार पाटले तथा राकेश कुमार पैंकरा उपस्थित रहे एवं कर्मचारियों को चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान कीं। इसके अतिरिक्त, स्काई एलॉयज एंड पावर लिमिटेड के ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर के स्वास्थ्य कर्मी भी शिविर के दौरान उपस्थित रहे तथा चिकित्सा व्यवस्था के सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## केंद्र सरकार के पिछड़ा वर्ग सूची में कसेर दर्ज नहीं होने से बढ़ी परेशानी

**पुसौर।** प्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग सूची में कसेर जाति को शामिल किए जाने के बावजूद केंद्र सरकार की ओबीसी सूची में कसेर जाति दर्ज नहीं होने से पुसौर क्षेत्र सहित पूरे छत्तीसगढ़ के कसेर समाज को केंद्रीय योजनाओं और आरक्षण के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। इस विसंगति को दूर करने के लिए समाज ने अब नए सिरे से प्रयास शुरू कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य की पिछड़ा वर्ग सूची में कसेर जाति 36वें क्रम पर अंकित है। इसके आधार पर समाज के लोगों को राज्य शासन की नौकरियों और योजनाओं में ओबीसी आरक्षण का लाभ मिल रहा है। लेकिन केंद्र सरकार की पिछड़ा वर्ग सूची में कसेर नाम से कोई जाति दर्ज नहीं है। केंद्रीय सूची में 63वें क्रम पर कसेरा जाति जरूर अंकित है। नाम में कसेर और कसेरा के मामूली अंतर के कारण केंद्र की नौकरियों केंद्रीय शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और अन्य केंद्रीय योजनाओं में कसेर समाज के लोगों को ओबीसी का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## स्टेडियम ग्राउंड में आज होगा सामूहिक योगाभ्यास, जुटेंगे हजारों नागरिक

**रायगढ़।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को स्टेडियम ग्राउंड बोईरदादरमें जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देंगे। कार्यक्रम सुबह 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया उपस्थित रहेंगे। योग आयोग के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन तथा आम नागरिक सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए जनजागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

## 24 जून को जिलेभर की ग्राम सभाओं में विकास रोजगार और जनहित के मुद्दों पर होगा विशेष विमर्श

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में आगामी 24 जून को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में पंचायत शाखा द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। ग्राम सभाओं में ग्रामीण विकास, रोजगार, आवास, पंचायत प्रशासन, सामाजिक जागरूकता तथा जनकल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रावधानों के तहत प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक ग्राम सभा का आयोजन अनिवार्य है। इसी क्रम में जून माह की ग्राम सभाओं के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं आश्रित ग्रामों में समय सारणी तैयार करने तथा अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के अंतर्गत प्राप्त स्थायी प्रतीक्षा सूची का वाचन एवं अवलोकन किया जाएगा तथा नियमानुसार प्राथमिकता सूची तैयार कर दावा आपत्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# बोर्ड परीक्षा की मार्कशीट हस्तलिखित शिक्षक हलाकान, पालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन अप्रैल के प्रथम सप्ताह में ही संपन्न हो चुका था। इसके बाद 15 जून को नए सत्र की शुरुआत तक जिला प्रशासन बच्चों की मार्कशीट प्रिंट नहीं करवा सका। अलबत्ता नए सत्र की शुरुआती दिनों में स्कूल खुलने के साथ ही शिक्षकों को ब्लैंक अंक सूची थमा दी गई है। उन्हें बच्चों का रिजल्ट सॉफ्ट कॉपी में बेहद ही छोटे अक्षरों में मोबाइल में उपलब्ध कराया है। अब शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि उपरोक्त अंकों को मोबाइल से देखकर अंक सूची प्रपत्र में हस्तलिखित तरीके से भरें।

यहां शिक्षकों के लिए बड़ी दुविधा यह है कि जब बोर्ड परीक्षा की अंकसूची हस्तलिखित ही देनी थी तो उन्हें इसका निर्देश अप्रैल माह में दे दिया जाना था, ताकि वे ग्रीष्म अवकाश के दौरान ही कार्य करते हुए इसे समय पर पूरा कर लेते। अब नए सत्र की शुरुआत में पुराने सत्र का अंक सूची बांटी गई है वह भी पूरी तरह कोरी। पालक इस बात से परेशान हैं कि उन्हें उनकी अंकसूची कब प्राप्त होगी और शिक्षक इसका जवाब देते देते थक चुके हैं। इसके अलावा, परीक्षा की अंक तालिका केवल पीडीएफ प्रारूप में उपलब्ध कराई गई है। पीडीएफ की प्रिंट कॉपी स्पष्ट नहीं होने के कारण अंक एवं विषयों को पढ़ना और समझना शिक्षकों के लिए काफी कठिन हो रहा है। सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन फेडरेशन ने संबंधित विभाग से विषय क्रमांक में एकरूपता लाने, स्पष्ट एवं पठनीय दस्तावेज उपलब्ध कराने तथा भविष्य में ऐसी तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं के समाधान की मांग की है, ताकि अंकसूची निर्माण का कार्य समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से पूरा किया जा सके।

### विषयों के क्रमांक में विसंगति

सबसे बड़ी समस्या विषयों के क्रमांक में असंगति को लेकर सामने आई है। अंक तालिका, अंकसूची और मूल्यांकन पंजी तीनों में विषयों का क्रम अलग-अलग है, जिससे विद्यार्थियों के अंकों का सही मिलान करने में काफी समय और मेहनत लग रही है।

### त्रुटियों की संभावना

शिक्षकों का कहना है कि तीनों दस्तावेजों में विषयों का अलग-अलग क्रम होने के कारण प्रत्येक विद्यार्थी के अंकों का सावधानीपूर्वक मिलान करना पड़ रहा है। इससे अंकसूची तैयार करने में अनावश्यक देरी हो रही है और त्रुटियों की संभावना भी बढ़ गई है।

### अभिभावक लौट रहे खाली हाथ

इसके अतिरिक्त विद्यालय के अभिभावक प्रतिदिन विद्यालयों में दूसरे विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए अंक सूची लेने के लिए जा रहे हैं एवं अंकसूची नहीं मिलने से खाली हाथ लौट रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### सखी वन स्टॉप सेंटर के लिए सूची जारी

**रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, घरघोड़ा के संचालन हेतु सेवा प्रदाताओं की नियुक्ति प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जारी विज्ञापन के क्रम में निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत तैयार की गई पात्र अपात्र सूची जारी की गई है।

### प्रयास स्कूल प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट पर अपना परिणाम एवं प्राप्तांक देख सकते हैं।

### रोजगार मेला 25 जून को, 684 पदों पर भर्ती

**रायगढ़।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 जून को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र परिसर में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगी। मे.श्रमिन वेल्ट प्रालि द्वारा इलेक्ट्रिकल मीटर टेक्नीशियन के 500 पद मे एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा लाइफ मित्र, सेल्स ऑफिसर एवं डेवलपमेंट ऑफिसर के कुल 180 पद तथा मे. सॉफ्टबीट कम्प्यूटर रायगढ़ द्वारा नर्सिंग ट्यूटर के 4 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### कुष्ठ रोग जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**रायगढ़।** जिले में कुष्ठ रोग सर्वे एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज कुष्ठ रोग जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह अभियान 15 जुलाई तक संचालित होगा। जागरूकता रथ जिले के शहरी क्षेत्रों, प्रमुख चौक-चौराहों और स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचकर लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी देगा।

## निधन

### जयंत खेडुलकर



**रायगढ़।** अनाथालय कॉलोनी हंडी चौक निवासी स्व.एमके खेडुलकर के पुत्र जयंत खेडुलकर का आज हृदयाघात के कारण आकस्मिक निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। वे अपने पीछे तीन पुत्र अनिरुद्ध अक्षत और अनंत सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे पत्रकार यशवंत खेडुलकर एवं विजयंत खेडुलकर के ज्येष्ठ भ्राता थे। उनका निधन का समाचार मिलते ही परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर व्याप्त हो गई।




गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखने दिए निर्देश

# प्रगति नगर मरीन ड्राइव का आयुक्त ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने आज प्रगति नगर मरीन ड्राइव क्षेत्र में निर्माणाधीन अंडरपास ब्रिज एवं पाइपलाइन विस्तार कार्यों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को कार्य निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता के मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री क्षत्रिय ने निर्माणाधीन अंडरपास ब्रिज के कार्यों का अवलोकन करते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा आम नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर कार्य में गति लाने तथा शीघ्रातिशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कर सड़क मार्ग को आम जनता के लिए बहाल करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री ने निर्माण कार्य की गुणवत्ताए सुरक्षा मानकों तथा तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक चरण में गुणवत्ता नियंत्रण का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही आयुक्त ने क्षेत्र में संचालित पाइपलाइन विस्तार एवं निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया।

ब्रिज के ऊपर से क्षेत्र में पानी सप्लाई संबंधित पाइपलाइन का विस्तार एवं व्यवस्थित किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में पाइप लाइन लीकेज या अन्य तकनीकी कारणों से पानी सुलाई संबंधित कार्य में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पाइपलाइन विस्तार कार्यों को योजनाबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों के दौरान आम नागरिकों की सुविधाओं का ध्यान रखने और आवश्यक सुरक्षा एवं वैकल्पिक व्यवस्थाएं समय पर उपलब्ध कराने की बात कही। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि नगर विकास से जुड़े सभी अधोसंरचनात्मक कार्यों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर पदमिनी भोई साहू की अध्यक्षता में जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक विगत दिवस सम्पन्न हुई। सीएमएचओ डॉ पुष्पेंद्र वैष्णव के मार्गदर्शन में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के दिशा निर्देश पर समस्त विभागों से चर्चा की गई। बैठक में जिले के सभी विभागों में नोडल अधिकारी नियुक्त कर सभी शासकीय भवनों और कार्यालयों को तंबाकू मुक्त करने, जिले के सभी महाविद्यालयों और स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित करने, तबाकू मुक्त ग्राम पंचायत, प्रवर्तन दल द्वारा नियमित चलानी एक्टिविटी, जिले में तंबाकू उत्पाद, पान मसाले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापनों को हटाने हेतु नगरीय निकाय, समाज कल्याण विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर महिलाओं में तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रसारित करने हेतु विभागों से चर्चा किया गया।





## शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा शामिल हुए सांसद राठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भुईंयापानी में नवनिर्मित शिव मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना, हवन, यज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया एवं राज्यसभा सांसद पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया सहित क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस धार्मिक अनुष्ठान की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार ने की। उपस्थित सभी अतिथियों ने मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं जिले की सुख समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता के केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि भुईंयापानी में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूरे क्षेत्र के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा, भगवान शिव त्याग, तपस्या और कल्याण के प्रतीक हैं। इस मंदिर के निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा से गांव में आध्यात्मिक चेतना का नया संचार होगा। आने वाली पीढ़ियां यहां से संस्कार, धर्म और संस्कृति की प्रेरणा प्राप्त करेंगी। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सद्भाव बढ़ाने का कार्य करते हैं।

## शिक्षक संघ ने की बिलाईगढ़ विधायक से मुलाकात, सौंपा मांग पत्र

**बरमकेला।** छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने 20 जून को बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे से सौजन्य मुलाकात कर अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी विधानसभा सत्र में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा शासन का ध्यान आकर्षित करने का अनुरोध किया। विधायक ने संघ की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

संघ के प्रतिनिधियों ने विधायक को बताया कि प्रदेशभर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी पिछले लगभग पांच वर्षों से शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इन विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस उद्देश्य की पूर्ति में शिक्षक एवं कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाई है, लेकिन आज भी उन्हें सेवा सुरक्षा, वेतन वृद्धि तथा अन्य सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारी नियमित शैक्षणिक कार्यों के साथ साथ विभिन्न प्रशासनिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हैं। इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित सेवा लाभ नहीं मिल पा रहे हैंए जिससे कर्मचारियों में भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना बनी हुई है। संघ ने मांग की कि शासन स्तर पर शीघ्र निर्णय लेकर इन समस्याओं का समाधान किया जाए।



शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। वर्तमान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में सेवा दे रहे शिक्षकों एवं कर्मचारियों की मांगें न्यायोचित और विचारणीय हैं। मैं इन मांगों को शिक्षा मंत्री एवं शासन स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करूंगी तथा विधानसभा में भी इस विषय को प्रमुखता से उठाने का प्रयास किया जाएगा।

**कविता प्राण लहरे, विधायक बिलाईगढ़**

#### संघ की प्रमुख मांगें

स्वामी आत्मानंद विद्यालयों का शिक्षा विभाग में संविलियन वार्षिक वेतन वृद्धि एवं वेतन विसंगति का निराकरण संविदा शिक्षक.कर्मचारियों को 50 लाख का बीमा सुरक्षा कवच, पीएफए सेवा सुरक्षा एवं सेवा अवधि संरक्षण की व्यवस्था, मध्यप्रदेश की तर्ज पर संविदा नीति लागू करना संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में प्रथम मांग के रूप में कलेक्टर अध्यक्षता वाली समिति व्यवस्था को समाप्त कर समस्त स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को शिक्षा विभाग के अधीन लाने की मांग की गई है। संघ का कहना है कि इससे शिक्षकों एवं कर्मचारियों को विभागीय संरक्षण मिलेगा तथा सेवा संबंधी मामलों का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।

### आबकारी विभाग ने की 160 लीटर शराब जब्त

**रायगढ़।** विभागीय टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 160.580 लीटर विदेशी मदिरा एवं महुआ शराब जब्त की है। सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो ने बताया कि आबकारी वृत्त रायगढ़ दक्षिण की टीम ने 18 जून को नवापारा निवासी नोमेश साहू के कब्जे से 31 पाव गोवा व्हिस्की, कुल 5.580 लीटर विदेशी मदिरा बरामद की। मदिरा के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एक्यू 7741 को भी जब्त किया गया। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

## परिसीमन के बाद पुसौर फिर बन सकता है विधानसभा

**पुसौर।** प्रस्तावित परिसीमन को लेकर चर्चा तेज है। लोकसभा सीटों में बढ़ोतरी की संभावना के साथ राज्यों में विधानसभा सीटों के पुनर्गठन और संख्या बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। इसी बीच पुसौर क्षेत्र की जनता में एक बार फिर उम्मीद जगी है कि पुसौर को उसका पुराना विधानसभा का दर्जा वापस मिल सकता है। पुसौर का गौरवशाली इतिहास आजादी के बाद के राजनीतिक इतिहास को टटोलें तो पुसौर विधानसभा क्षेत्र के रूप में अस्तित्व में था। सबसे खास बात यह है कि पुसौर से विधायक चुनकर सारंगढ़ के राजा नरेश सिंह मुख्यमंत्री बने थे। हालांकि राजनीतिक कारणों से वे केवल 13 दिन ही मुख्यमंत्री पद पर रह सके और उन्हें पद से हटना पड़ा, लेकिन पुसौर का नाम इतिहास में दर्ज हो गया कि यहां के विधायक ने प्रदेश का नेतृत्व किया था।

वर्तमान रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या प्रदेश के औसत विधानसभा क्षेत्रों की तुलना में लगभग डेढ़ गुनी हो चुकी है। परिसीमन के नियमों के मुताबिक एक विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या का संतुलन जरूरी होता है। इसी आधार पर राजनीतिक हलकों और जनता के बीच कयास लगाए जा रहे हैं कि रायगढ़ जिले में रायगढ़ शहर और रायगढ़ ग्रामीण के रूप में दो सीटें बन सकती हैं।पुसौर बनाम रायगढ़ ग्रामीण पर बहस पर यहां पेंच यह फंस रहा है कि लोग रायगढ़ ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नाम पर असहमति जता रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब पुसौर पहले से विधानसभा क्षेत्र रह चुका है और उसका ऐतिहासिक महत्व है तो नई सीट का नाम पुसौर विधानसभा ही होना चाहिए। लोगों को सारंगढ़ राजा नरेश सिंह के मुख्यमंत्री बनने का इतिहास याद है और वे उसी गौरव को फिर से जीना चाहते हैं।

### शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल जब्त

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को देशी एवं अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 35 पाव शराब और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब जुआ सट्टा एवं नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 19 जून को सूचना मिली कि एक युवक मोटरसाइकिल से अवैध शराब का परिवहन कर रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी सोनू उरांव 20, निवासी कलमा को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से 25 पाव देशी प्लेन शराब एवं 10 पाव अंग्रेजी गोवा स्पेशल शराब बरामद हुई।



### तहसीलदार ने लंबित प्रकरणों का किया निराकरण

**कटेली।** तहसीलदार सारंगढ़ एनके सिन्हा द्वारा बारिश आने से पहले सभी सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण करने के लिए विशेष अभियान सीमांकन पखवाड़ा के तहत सभी लंबित सीमांकन का निराकरण करने से किसानों में खुशी है। बारिश लगने के बाद सीमांकन नहीं किया जा सकता है जिससे किसान चिंतित थे लेकिन तहसीलदार सिन्हा के विशेष प्रयास से विगत वर्ष के भी कई लंबित प्रकरणों का सीमांकन हो सका है।

## चंद्रपुर में पार्षद से सोने की चेन की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

नगर में चोरी और लूट की बढ़ती घटनाओं ने आम नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामला वार्ड क्रमांक 8 का है, जहां पार्षद श्रीमती अंजू गोपाल अग्रवाल से उनके घर के सामने अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए।

■ एक दिन पहले ही हुई थी बाइक चोरी, बढ़ी सुरक्षा की चिंता

शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे पार्षद अंजू अग्रवाल अपने घर के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान हेलमेट पहने दो युवक बाइक से पहुंचे और झपट्टा मारकर उनके गले से करीब दो तोला सोने की चेन छीनकर तेज रफ्तार से फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही आरोपी मौके से निकल चुके थे। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है। पार्षद अंजू अग्रवाल ने बताया कि वह घर के सामने खड़ी थीं, तभी बाइक पर सवार दो हेलमेटधारी युवक आए और चेन खींचकर भाग गए। उन्होंने कहा कि इस दौरान उनकी जान को भी खतरा हो सकता था। गौरतलब है कि इस घटना से महज एक दिन पहले बस स्टैंड थाना क्षेत्र के सामने से एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना भी सामने आई थी। लगातार हो रही चोरी और लूट की वारदातों से नगरवासियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे बाजार, सार्वजनिक स्थानों एवं सुनसान क्षेत्रों में सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। लगातार हो रही घटनाओं के बीच नगरवासी अब पुलिस गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग कर रहे हैं।



जांच चल रही है, जल्द ही आरोपी पकड़ में आ जाएगाद। आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**जितेंद्र कोशले, टीआई चंद्रपुर**

शहरवासियों को योग दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
















